प्रेस नोट संख्या 58

दिनांक 27.05.2025

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.05.2025 को श्री राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 137/25 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त सुशील दूबे उर्फ पप्पू पण्डित पुत्र स्व0 जगदेव निवासी भदसाना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सुशील दूबे उर्फ पप्पू पण्डित ने बताया कि मेरा, इंतजार उर्फ बच्चन (मृतक) के घर आना जाना व इंतजार की बहन से मिलना जुलना था जिस बात का इंतजार उर्फ बच्चन बुरा मानता था। दिनांक 19.05.2025 की शाम को मेरी व इंतजार उर्फ बच्चन से गांव के बाहर कहासुनी हो गयी थी जिसमें इंतजार ने मुझे काफी भला बुरा कहा था। इसी बात से गुस्सा होकर मैं दिनांक 19/20.05.2025 की रात्रि में अपने घर से कुल्हाड़ी लेकर इंतजार के घर गया जहां इंतजार घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था, मैने कुल्हाड़ी के पिछले भाग से इंतजार के सिर पर हमला कर दिया जिससे इंतजार के चिल्लाने पर पास में ही सो रही उसकी पत्नी व घर के लोग जाग गये थे। तभी मैं कुल्हाड़ी लेकर वहां से भाग गया और कुल्हाड़ी को अपने घर के कमरे की टांड पर छिपा दिया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को अभियुक्त के घर के अन्दर कमरे की टांड से बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- सुशील दूबे उर्फ पप्पू पण्डित पुत्र स्व0 जगदेव निवासी भदसाना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 137/25 धारा 103(2) बी0एन0एस0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी। (में वांछित)

बरामदगी-

- घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. का0 शिवम राठौर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. का0 फईम अली थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।